# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,

कार्यालय परिसर, ब्लाक नं.ए–4, गौतम नगर,
भोपाल – 462 023.
दूरभाष नं. 0755–2583627/2583673फैक्स नं.2583656


क्रमॉक/रागांप्रोविवि/शैक्ष/18/2025 /भोपाल, दिनॉक 03/10/18

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सह शिक्षा/महिला पोली./अंशकालीन/
निजी तकनीकी संस्थाएं (पोली.) तथा फार्मेसी संस्थाएं
म.प्र.

विषयः– निर्धारित अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात भी डिप्लोमा उत्तीर्ण न होने के परिणामस्वरूप एनएफटी के दायरे में आये विद्यार्थियो को डिप्लोमा उत्तीर्ण करने हेतु दो विशेष अवसर प्रदान करने विषयक ।

संदर्भ :–विश्वविद्यालय का परिपत्र कमॉक/रागाप्रौविवि/शैक्ष/2013/487, दिनॉक 23.05.13

000

अतिमहत्वपूर्ण
तत्काल

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करें ।

राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,भोपाल की विदवत परिषद की दिनांक 13.7.2018 में उपरोक्त विषयान्तर्गत उल्लेखित विद्यार्थियो को दो विशेष अवसर प्रदान करने हेतु दिये गये निर्देशानुसार गठित 5 सदस्यीय समिति की अनुशंसाओ को कार्यपरिषद की दिनांक 4.9.2018 को सम्पन्न बैठक के कार्यवाही विवरण के पूरक विषय कमांक 3 के अंतर्गत अनुमोदन प्रदान किया गया है ।

अतः कार्यपरिषद के अनुमोदन अनुसार प्रदेश की पोली0 महाविद्यालयो के विभिन्न अवधि के पाठ्यकमों में निम्न वर्षो में प्रवेशित ऐसे भूतपूर्व विद्यार्थी जो कि निर्धारित अनुकम्पा अवसर प्राप्त करने के पश्चात भी डिप्लोमा उत्तीर्ण न होने के परिणामस्वरूप एनएफटी के दायरे में आ गये हैं और वे अपना डिप्लोमा पाठ्यकम उत्तीर्ण नही कर सके है, उन्हें उनका डिप्लोमा उत्तीर्ण करने हेतु दो विशेष अवसर प्रदान किये जा रहे है ।

(अ) पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न अवधि के पाठ्यकम तथा उन पाठ्यकमो में विभिन्न वर्षो में प्रवेशित विद्यार्थियो का विवरण इस प्रकार है जिन्हें उपरोक्त दो विशेष अवसर प्रदान किये जाने है ।

1. दो वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यकम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2008 से 2013 तक हुआ है ।
2. तीन वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यकम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2007 से 2011 तक हुआ है ।
3. चार वर्षीय पत्रोपाधि पाठ्यकम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2004 से 2010 तक हुआ है ।
4. चार वर्षीय अंशकालीन पत्रोपाधि पाठ्यकम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2004 से 2010 तक हुआ है ।
5. दो वर्षीय फार्मेसी पत्रोपाधि पाठ्यकम के ऐसे छात्र जिनका प्रवेश 2008 से 2013 तक हुआ है ।

(ब) पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा दो विशेष अवसर प्रदान करने हेतु आयोजित की जाने वाली परीक्षाओ का विवरणः–

1. डिप्लोमा इंजी0 के दो वर्षीय, तीन वर्षीय, चार वर्षीय एवं चार वर्षीय अशंकालीन पत्रोपाधि पाठ्यकम के विद्यार्थियो के लिये आयोजित परीक्षा–दिसम्बर–2018 एंव मई/जून–2019.
2. डिप्लोमा फार्मेसी के लिये आयोजित परीक्षा–अप्रैल–2019 तथा अगस्त–2019.

महाविद्यालय सम्बंधितों को यह अवगत करावें कि, समस्त विधार्थियों को उपरोक्त दो विशेष अवसर प्राप्त करने के पश्चात किसी अन्य अवसर की पात्रता नहीं होगी तथा उनका अनुरोध किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जावेंगा । इस आशय का एक शपथ पत्र 10/–रूपये के स्टाप पेपर पर विधार्थियों को प्रस्तुत करना होगा । महाविद्यालय यह भी सुनिश्चित करें कि वे ऐसे सम्बंधित विधार्थियों को प्रदान किये जाने वाले अवसरों की जानकारी देने हेतु संस्था के नोटिस बोर्ड पर परिपत्र की प्रति चस्पा करें तथा सम्बंधित विधार्थियों को पंजीकृत डाक से सूचित भी किया जावे । स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन भी प्रकाशित करवाये ।

संलग्नः–शपथ–पत्र का प्रारूप ।

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल ।

पृ0कमॉक/रागांप्रोविवि/शैक्ष/18/2026 /भोपाल, दिनॉक 03/10/18

प्रतिलिपिः–1. निज सचिव माननीय कुलपति महोदय,राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,गांधी नगर, भोपाल ।
2. संचालक,मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा संचालनालय,चौथी मंजिल, सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
3. सीईओ, क्रिप्स, श्यामलाहिल्स, भोपाल ।
4. प्रभारी अधिकारी गोपनीय/परीक्षा, राजीव गांधी प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय डिप्लोमा विंग भोपाल ।
5. अधीक्षक, परीक्षा एवं अनुविभाग के ग्रुप प्रभारी, ग्रुप ए बी सी डी ई तथा एफ ।

की ओर सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

सचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल ।

# शपथ पत्र
## (नोटरी द्वारा)

मैं (विद्यार्थी का नाम) ........................................ पोलीटेकनिक संस्था ........................................
में (ब्रांच का नाम) ........................................कार्यक्रम जिसकी अवधि 2/3/4 वर्षीय ........................
एवं पढ़ाई की पद्धति ........................................ (वार्षिक/सेमेस्टर/एमपैक्स) है. का छात्र/छात्रा हूं ।
मेरा रोल नंबर ........................ है । मैने प्रथम बार उपरोक्त कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र ........................
में प्रवेश लिया था ।

मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि, उपरोक्त शैक्षणिक सत्र में प्रवेशोपरांत मुझे राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (पूर्व म.प्र. तकनीकी शिक्षा मण्डल) द्वारा संबंधित डिप्लोमा की पढाई पूर्ण करने हेतु पूर्व में दिए गए निर्धारित समुचित अवसरों का लाभ लेने के पश्चात भी मैं अपना डिप्लोमा उत्तीर्ण नहीं कर पाया/पाई हूं। अब मुझे परिपत्र क्रमांक/रागाप्रौवि/शैक्ष/2018/........................, दिनांक ................ 2018 के अनुसार अपना डिप्लोमा पूर्णतः उत्तीर्ण करने के लिए स्वाध्यायी छात्र/छात्रा के रूप में विशेष अनुकम्पा अवसर प्रथम/द्वितीय/अंतिम परीक्षा माह ................ वर्ष ................ में दिया जा रहा है ।

उपरोक्त तथ्य ज्ञात होते हुए मैं शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि अंतिम अवसर के पश्चात मुझे अपना डिप्लोमा पूर्ण करने हेतु यदि विश्वविद्यालय द्वारा भविष्य में कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाता है तो मैं न तो अतिरिक्त अवसर की मांग करूंगा/करूंगी अथवा इस हेतु विधिक रूप से कोई दावा भी किसी माध्यम से पेश नहीं करूंगा/करूंगी । इस हेतु मेरी लिखित सहमति है तथा यह मैं अपनी पूरी सही जानकारी एवं बिना किसी दवाब के स्वयं प्रस्तुत कर रहा/रही हूं ।

"विशेष परिस्थितियों में प्रदत्त इन अतिरिक्त 2 अवसरों के उपरांत अनुत्तीर्ण होने की स्थिति में मैं किसी प्रकार का दावा प्रस्तुत नहीं करूंगा" ।

विद्यार्थी के हस्ताक्षर ........................

नाम ........................................

पता ........................................
........................................

प्राचार्य के हस्ताक्षर, सील सहित

C:/Soni/Confd./letters